प्रादेशिक समाचार
23.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

गिरिडीह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जीएसटी बचत उत्सव को सफल बनाने के लिए पदयात्रा निकाली। टावर चौक पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे इसका लाभ आम लोगों तक पहुंचाएं। मौके पर श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कर सुधारों से त्योहारों में सामान सस्ता हुआ है और जनता को राहत मिली है।

*********************

झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक कल प्रोजेक्ट भवन में दोपहर तीन बजे से होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से सूचित किया गया है कि बैठक में सभी विभागों के मंत्री शामिल होंगे। मंत्रिपरिषद् की इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगने की संभावना है।

*********************

सहिबगंज के युवक– युवतियों को रोजगार के लिए कौशल प्रशिक्षित किया जा रहा है।

*********************

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली में भारत की नवाचार गाथा पाथवेज़ टू प्रोग्रेस शीर्षक के विश्लेषण और अंतर्दृष्टि पर एक रिपोर्ट जारी की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि वैश्विक नवाचार सूचकांक के अनुसार 139 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में भारत 38वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के परिदृश्य में नवाचार राष्ट्रीय वरीयता का विषय बन चुका है।

*********************

नवरात्रि के दूसरे दिन रांची समेत राज्यभर के देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। आज मां दुर्गा के नौ रुपों में एक ब्रह्मचारिणी स्वरुप की पूजा हो रही है। ऐसी मान्यता है कि मां ब्रह्मचारिणी की आराधना से घर में सुख–शांति और सौभाग्य आता है और ग्रह–नक्षत्रों के अशुभ प्रभाव से मुक्ति भी मिलती है।

*********************

खूंटी के नेताजी चौक स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा इस वर्ष भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें महाभारत की झलक दिखाई जाएगी। करीब सोलह लाख की लागत से बनाए जा रहे इस पंडाल को कोलकाता के कारीगर इको–फ्रेंडली सामग्रियों से तैयार कर रहे हैं। समिति संयोजक संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि महाभारत का दृश्य नई पीढ़ी को हमारी संस्कृति और परंपरा से जोड़ने का काम करेगा।

*********************

सरायकेला–खरसावां के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र फेज–2 स्थित एक प्लास्टिक इंडस्ट्री में आज सुबह अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां और स्थानीय लोग आग बुझाने में जुटे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना में किसी की जान नहीं गई, लेकिन फैक्ट्री को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

*********************

राज्य के कई जिलों में अगले दो दिनों तक भारी वर्षा होने की संभावना है, जिसके मद्देनजर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला–खरसावां समेत आसपास के क्षेत्रों में तेज हवा, गरज और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। पिछले 24 घंटे में धनबाद जिले के पुटकी में सबसे अधिक 80 दशमलव 2 मिलीमीटर और रांची में 30 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

*******समाप्त*************